HGH INDIA® 2019
HOME DECOR ■■■ GIFTS ■■■ HOUSEWARE
JULY 2-4, 2019 MUMBAI, INDIA

NEWS 2

A TEXZONE Event

Where business feels at home!

## होम टेक्सटाइल एंड फर्निशिंग

# जानने व पता लगाने के लिए यहां और भी बहुत कुछ है!

इंडियन होम प्रोडक्ट्स के मार्केट में होम टेक्सटाइल एवं फर्निशिंग फैब्रिक्स निश्चित तौर पर सबसे बड़ा एवं अच्छी तरह से स्थापित सेगमेंट है। इसके बावजूद भारत में वर्तमान में इन प्रोडक्ट्स की खपत काफ़ी कम है, जिसे देखते हुए यह कहा जा सकता है कि इस सेगमेंट में निकट भविष्य के साथ-साथ लंबे समय तक विकास की बहुत अधिक संभावनाएं मौजूद हैं। केवल मेट्रो और मिनी-मेट्रो शहरों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय रिटेलर्स, निर्माताओं, ब्रांड्स एवं इम्पोर्टर्स को पूरे भारत में आने वाले १०० स्मार्ट सिटीज़ के साथ-साथ टियर II व टियर III शहरों और कस्बों में बिजनेस के बढ़ते अवसरों पर बारीकी से ध्यान देना चाहिए।

भारत के होम टेक्सटाइल्स को इसमें इस्तेमाल की जाने वाली सामग्रियों एवं कारीगरी के मामले में पूरी दुनिया में सबसे अच्छी क्वालिटी वाला प्रोडक्ट माना जाता है तथा डिजाइन के मामले में इन्हें बेहद क्रिएटिव एवं इनोवेटिव प्रोडक्ट के तौर पर देखा जाता है, फिर चाहे बात प्रिंट की हो या फिर एंब्रॉयडरी, वुवन डिजाइन अथवा क्राफ्ट-वर्क की हो। ऐसे प्रोडक्ट्स की वजह से ही भारत को यूएसए, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, इटली, ईस्ट यूरोप, जापान, ऑस्ट्रेलिया, चीन, कनाडा, मिडिल-ईस्ट एशिया और इसी प्रकार के सभी प्रमुख इंटरनेशनल मार्केट में एक अलग पहचान मिली है। आज भारत के कुल एक्सपोर्ट में होम टेक्सटाइल्स का हिस्सा लगभग ९% है।

भारत का इस क्षेत्र में काफी विकास हुआ है तथा पूरी दुनिया में नेतृत्वकर्ता की स्थिति हासिल की है, फिर भी यहां के निर्माताओं ने घरेलू बाजारों में मार्केटिंग के प्रयासों की शुरुआत महज सात से आठ साल पहले ही की है। होम टेक्सटाइल्स की खपत में हर साल १५-२०% की वृद्धि के बावजूद भारत में बहुत कम ब्रांडेड प्रोडक्ट्स उपलब्ध हैं।


मास्पर

एचजीएच इंडिया बड़े-बड़े निर्माताओं और एक्सपोर्टर्स को भारतीय बाजार में अपने होम टेक्सटाइल्स ब्रांड को स्थापित करने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

ख़रीददारों के नज़रिए से, एचजीएच इंडिया ने देश भर में भारतीय डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं रिटेलर्स के लिए ज़्यादा से ज़्यादा ब्रांडेड प्रोडक्ट्स को लाकर उनके लिए सोर्सिंग को आसान बना दिया है।

घरेलू बाजारों में बिकने वाली होम टेक्सटाइल्स की सबसे बड़ी श्रेणी बेड-शीट की है, तथा देश के कुल होम टेक्सटाइल रिटेल में इसकी हिस्सेदारी ५०% है। इसके बाद कर्टन मैटेरियल्स, अप्होल्स्टरी फैब्रिक्स, बेड कवर, कुशन कवर तथा पिलोज़, ड्यूरीज़, रग्स एवं कार्पेट्स का स्थान आता है। ब्लाइंड्स की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। रेडीमेड मैट्रेसेज़ एवं पिलोज़ का काफ़ी तेज़ी से विकास हो रहा है, जिसकी वार्षिक उपभोक्ता मांग में साल-दर-साल लगभग १००% की वृद्धि हो रही है।

**फर्निशिंग फैब्रिक्स:** पिछले एक साल के दौरान रिटेल सेल्स के ट्रेंड में मंदी के बावजूद फर्निशिंग फैब्रिक्स बाजार के नए-नए प्लेयर्स को लगातार अपनी ओर आकृष्ट कर रहा है, क्योंकि इस मंदी का कारण उपभोक्ताओं की मांग में कमी नहीं है बल्कि ऐसा मार्केट स्ट्रक्चर में बदलाव तथा टियर २ और टियर ३ शहरों एवं कस्बों में कई नए स्टोर के खुलने से रिटेलर्स के बीच


रूमर्स

**इनोवेशन्स ■ ट्रेंड्स ■ प्रोडक्ट्स ■ स्रोत ■ अवसर**

# होम टेक्सटाइल्स, होम डेकर, हाउसवेयर तथा गिफ्ट्स का एक पर्यावलोकन

कम्पिटिशन बढ़ जाने के कारण हुआ है। भारत में फर्निशिंग बिजनेस की गतिशीलता में बदलाव के बावजूद, यह यहां के बाजार में असीम संभावनाओं को दर्शाता है।

एचजीएच इंडिया २०१९ में फर्निशिंग फैब्रिक्स एक बार फिर से सबसे बड़े प्रोडक्ट सेगमेंट के तौर पर उभर कर सामने आएगा। इंडस्ट्री को भी इस सेगमेंट में मांग के बढ़ने की उम्मीद है।

डी'डेकोर, डी'सीटेक्स, एफ-एंड-एफ, लक्सर, रुमर्स, ज्याना, प्रेट-फैब, केसी फैब्रिक्स, न्यू कैसल, वाया (यूटीएम), वी-एंड-जे, जेम कलेक्शंस, रिलाएबल ड्रैप्स जैसे मशहूर इंडियन ब्रांड्स अपने नए कलेक्शन तथा वर्ष २०१९/२० के रिटेल सीजन के लिए कर्टन, ड्रैपरी, अप्होल्स्टरी और डेकोरेटिव फैब्रिक्स के कैटलॉग को लॉन्च करेंगे।

आप यहां पर आई.एफ.आई (ग्रीस), डिज़ाइनर्स गिल्ड (यूके), ज़िमर + रोहड (जर्मनी), कैसामैन्स (फ्रांस), हार्लेक्विन (यूके), माइक्रोफ़ाइबर्स (यूएसए), सर्टेक्स (तुर्की) जैसे मशहूर इंटरनेशनल ब्रांड्स के लेटेस्ट इंटरनेशनल फैब्रिक कलेक्शंस को भी देख सकते हैं, जो यहां प्रत्यक्ष तौर पर या फिर अपने इंडियन डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर्स के माध्यम से अपने प्रोडक्ट्स का प्रदर्शन करेंगे।

इसके अलावा, फर्निशिंग और अप्होल्स्टरी फैब्रिक्स के कई निर्माताओं एवं प्राइवेट लेबल सप्लायर्स बड़े पैमाने पर बाजार के साथ-साथ प्रीमियम सेगमेंट्स के लिए सोर्सिंग सॉल्यूशंस की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराएंगे।

**बेड एंड बाथ:** भारत में सभी होम टेक्सटाइल्स मार्केट में बेड एंड बाथ सबसे बड़ा सेगमेंट है, तथा भारत के कुल रिटेल सेल्स में इसकी हिस्सेदारी ५०% है। यह हर साल १५% की दर से लगातार विकसित हो रहा है। इसी वजह से हर साल बाजार में कई नए प्लेयर्स का आगमन होता है तथा नए-नए प्रोडक्ट इनोवेशन देखने को मिलते हैं। एचजीएच इंडिया २०१९ में एक बार फिर से यही ट्रेंड देखने को मिलेगा, जिसमें पहली बार भाग लेने वाली कई कंपनियों के अलावा ४० से अधिक एक्जीबिटर्स मौजूद होंगे। बॉम्बे डाइंग, ट्राइडेंट, डी'डेकोर, मैस्पर, माइक्रो कॉटन, बेला कासा, बोनेहुर, डी'सीटेक्स, सैसन, बियांका, सीएपीएस, मार्क-होम, फ्लोरिडा, स्टाइला और सॉफ्टवीव जैसे अग्रणी ब्रांड अपने प्रोडक्ट इनोवेशंस तथा ट्रेंड के लिए नए-नए डिजाइन पेश करेंगे। इसके अलावा, मुंबई, अहमदाबाद, लुधियाना, पानीपत, जयपुर, कोयम्बटूर और करूर के कई बड़े निर्माताओं या तो पहली बार इंडियन डॉमेस्टिक मार्केट में अपने ब्रांड्स को उतारेंगे या फिर रिटेलर्स एवं स्थापित ब्रांड्स


ड्यूरोफ्लेक्स

को प्राइवेट लेबल मैन्युफैक्चरिंग की सुविधाएं प्रदान करेंगे।

**मैट्रेसेज़ एंड पिलोज़:** पिछले ५-७ सालों में इंडियन कंज्यूमर्स ने हेल्दी, फिट और एफिशिएंट रहने के लिए अच्छी क्वालिटी की नींद के महत्व को समझना शुरू कर दिया है। इसी वजह से सभी प्रकार के मैटेरियल्स एवं टेक्निक्स से बनाए जाने वाले मैट्रेसेज़ एवं पिलोज़ की मांग काफी बढ़ रही है, जो अलग-अलग तरह की जरूरतों के अनुरूप है।

इस सेगमेंट में हर दिन नए-नए प्रोडक्ट्स, नए ब्रांड और बड़े प्लेयर्स के प्रोडक्ट्स की नई रेंज का भारतीय बाजार में आगमन होता है, और इसी वजह से रिटेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, इंस्टीट्यूशनल बायर्स एवं इंटीरियर डिजाइनर्स के लिए इस बेहद डायनेमिक सेगमेंट के साथ तालमेल को बरकरार रखना बेहद कठिन हो रहा है।

एचजीएच इंडिया २०१९ विज़िटर्स को कर्ल-ऑन, स्प्रिंगफिट, ड्यूरोफ्लेक्स, किंग कोइल, सेंटेर्स, नीलकमल और डॉ. बेक जैसे स्थापित ब्रांडों के इनोवेशंस एवं लेटेस्ट डेवलपमेंट को समझने में मदद करेगा। इसके अलावा, मेमॉइर, रिपोज, रिलैक्सवेल, रेम्को, स्लीपमैक्स जैसी नई कंपनियां भी अलग-अलग मार्केट सेगमेंट के लिए विविध प्रकार के मैट्रेसेज़ एवं पिलोज़ को पेश करेंगी।

**डेकोरेटिव मेड-अप्स:** भारतीय उपभोक्ता अपने लिविंग स्पेस को डेकोरेटिव बनाने के लिए अच्छी तरह से डिज़ाइन किए गए मेड-


अन्ना सिमोना

अप्स की ओर आकृष्ट हो रहे हैं। इसके बदले में रिटेलर्स को इस तरह के प्रोडक्ट के लिए शेल्फ एवं फ्लोर स्पेस को बढ़ाने की जरूरत है, जिनकी घरेलू मांग प्रति वर्ष २०-२५% की दर से बढ़ रही है।

कुशन, कुशन कवर, कर्टन्स, ब्लाइंड्स, बेड कवर, डुवेट कवर, क्विल्ट्स, थ्रोज़, कंफर्टर्स, शम्स, बोलस्टर्स, सोफा कवर, कॉर्ड्स, टैसल्स और अन्य डेकोरेटिव होम टेक्सटाइल्स जैसे डेकोरेटिव मेड-अप्स में बेहतरीन क्वालिटी के प्रोडक्ट एवं अनगिनत डिजाइनों और किस्मों के उत्पादन के लिए भारत पूरी दुनिया में बेहद मशहूर है। अभी तक केवल इंटरनेशनल मार्केट पर ध्यान देने वाले कई प्रमुख एक्सपोर्टर्स ने इंडियन डॉमेस्टिक मार्केट में मौजूद असीम संभावनाओं को समझा है और वे अब एचजीएच इंडिया के माध्यम से अपने वर्ल्ड क्लास प्रोडक्ट्स को भारतीय रिटेलर्स एवं इंटीरियर डिजाइनर्स के लिए प्रस्तुत कर रहे हैं। इस साल भी, विज़िटर्स कई नियमित एक्जीबिटर के अलावा पूरे देश से यहां आने वाले नए एक्जीबिटर्स के प्रोडक्ट्स की बिल्कुल अनोखी रेंज का अनुभव प्राप्त करेंगे।

मुंबई, दिल्ली, जयपुर, पानीपत, अहमदाबाद, सूरत, कोलकाता, कुन्नूर, करूर, चेन्नई, बेंगलुरु तथा भारत के कई अन्य हिस्सों के मशहूर ब्रांड्स एवं प्रमुख एक्सपोर्टर्स ऊपर बताए गए प्रोडक्ट्स में इनोवेटिव डिजाइंस की नई रेंज को प्रदर्शित करेंगे। यहां के प्रमुख एक्जीबिटर्स में अन्ना सिमोना (टेक्सट्रेड), मैस्पर, आयडम (ग्रासिम जन सेवा ट्रस्ट), लूम (शबरी इंटरनेशनल), हाउस ऑफ इंसास, टेक्स एन' क्राफ्ट (टेक्ससाइटल), बियांका, पैन ओवरसीज, होम प्लस रिटेल इत्यादि बड़े नाम शामिल है, जिनमें से ज़्यादातर बेहद मशहूर एक्सपोर्टर्स भी हैं।

गोपालाज़, सुख सागर और स्टर्लिंग, जयपुर से बने मेड-अप्स की रेंज के साथ यहां मौजूद होंगे, जो अपने ट्रेडिशनल डिजाइंस और बेहद ख़ूबसूरत ब्लॉक प्रिंटिंग, सांगानेर प्रिंट, क्विल्टिंग, एंब्रॉयडरी एवं क्राफ्ट्सवर्क के लिए प्रसिद्ध हैं।

**ब्लाइंड्स:** भारत में ट्रेडिशनल कर्टन्स के विकल्प के तौर पर तथा सन प्रोटेक्शन एवं डेकोरेटिव इंटीरियर्स के लिए विंडो ड्रैपिंग्स के रूप में ब्लाइंड्स की लोकप्रियता काफी बढ़ रही है, जिसे देखते हुए भारत और कई अन्य देशों के २५ से अधिक प्रमुख ब्रांड एचजीएच इंडिया २०१९ में अपने प्रोडक्ट्स की बड़ी रेंज को पेश करेंगे। इन प्रोडक्ट्स में रोलर, वर्टिकल, वनीशन और रोमन


बोम्बे डाइंग


टोसो

# एचजीएच इंडिया २०१९: ७०० ब्रांड और निर्माताओं के स्रोत से उपलब्ध

ब्लाइंड्स के साथ-साथ ब्लैकआउट कर्टन्स भी शामिल हैं। जापान से टोसा, नीदरलैंड से फॉरेस्ट, फ्रांस से सोम्फी, यूएई से पेन्कौल तथा चीन से ए-ओके एवं झेजियांग देसेंगलोंग भारत के रिटेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स, आर्किटेक्ट्स एवं इंटीरियर डिजाइनर्स के लिए अपने लेटेस्ट इंटरनेशनल इनोवेशन का शुभारंभ करेंगे।

भारत के प्रमुख और तेजी से विकसित हो रहे प्रीमियम ब्रांड, डी'डेकोर द्वारा अपने बिल्कुल नए रेंज को यहां बाजार में उतारा जाएगा। इसके अलावा, एनबीटी, नोवा, डेको विंडो, टच ब्लाइंड्स, शेड्स, वियन्टो और काजे ज़ जैसे भारतीय ब्रांड भी यहां ब्लाइंड्स की अपनी नई रेंज का प्रदर्शन करेंगे। भारतीय बाजार में ब्लाइंड्स की मांग प्रति वर्ष २५% से अधिक की दर से बढ़ रही है। यहां आने वाले विज़िटर्स ब्लाइंड्स एवं कर्टन मैकेनिज्म में इनोवेशंस एवं ऑटोमेशन का अनुभव कर पाएंगे।

**बाथ मैट्स एंड एक्सेसरीज:** स्वास्थ्य, स्वच्छता और जीवन-शैली में सुधार के कारण भारतीय उपभोक्ताओं में बेहतर बाथरूम्स के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। बाजार में मौजूद इस अवसर का फायदा उठाने के लिए, बाथ मैट्स तथा बाथ स्लिपर्स, बाथ रोब्ज़ एवं शॉवर कर्टन्स जैसे बाथरूम एक्सेसरीज के २५ से अधिक निर्माताओं, ब्रांड्स, इंपोर्टर्स और एक्सपोर्टर्स यहां अपने प्रोडक्ट्स की रेंज को प्रस्तुत करेंगे। पैन ओवरसीज, रिवेरा टेक्सटाइल्स, टेक्स एन' क्राफ्ट, पानीपत से होम फ्लोर और दिल्ली से सैप्रोज जैसे भारत के बड़े एक्सपोर्टर्स यहां डोमेस्टिक मार्केट के सामने इन प्रोडक्ट्स के अपने इंटरनेशनल रेंज को प्रस्तुत करेंगे। दूसरी ओर, ओब्सेशन, फ्रीलांस, डिवाइन, श्रेस्मो जैसे ब्रांड अपने स्वयं के ब्रांड नाम के तहत इन्हीं प्रोडक्ट्स के इंपोर्टेड और डिजाइनर रेंज के साथ मौजूद रहेंगे।

बाथरूम एक्सेसरीज से संबंधित हार्ड-गुड्स में सोप डिस्पेंसर, सोप डिश, ब्रश होल्डर्स, सोप डिश, टॉवल रिंग्स, टॉयलेटरी रैक एंड ट्रे, बाथ क्लाज़िट्स, इत्यादि शामिल हैं। इनोवेशंस इंपोर्टेड एवं इंडियन प्रोडक्ट्स की यह रेंज ओब्सेशन, फ्रीलांस, डिवाइन, श्रेस्मो जैसे ब्रांडों द्वारा भी पेश की जाएगी।

**रग्स एंड कार्पेट्स:** भारत हैंडमेड रग्स एवं कार्पेट्स का सबसे बड़ा एक्सपोर्टर है तथा दुनिया के बाजार में इसकी हिस्सेदारी ४०%से अधिक है। भारतीय घरेलू बाजार में हैंडमेड रग्स एवं कार्पेट्स की बढ़ती मांग को देखते हुए, कार्पेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (सीईपीसी) एचजीएच इंडिया में चौथी बार अपने सदस्यों की सामूहिक भागीदारी का आयोजन कर रहा है। रग्स एवं कार्पेट्स के ११ मशहूर एक्सपोर्टर्स, भारतीय रिटेलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं इंटीरियर डिजाइनर्स के लिए सीईपीसी के माध्यम से अपने प्रोडक्ट्स की रेंज को प्रदर्शित करेंगे, जिससे उनके लिए और रिटेलर्स, दोनों के लिए बाजार के नए-नए अवसर सामने आएंगे। भारतीय बाजार में रग्स एवं कार्पेट्स की मांग ३०-३५% प्रतिवर्ष की दर से बढ़ रही है।


सीईपीसी


पैन ओवरसीज

भारत में हैंड-नॉटेड, हैंड-टफ्टिड और हैंड-वुवन कार्पेट्स की अलग-अलग किस्मों का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है, लेकिन देश अपने घरेलू उपभोग के लिए मशीन-मेड रग्स एवं कार्पेट्स के इंपोर्ट पर निर्भर है। हालांकि भारत के बड़े बाजारों में हैंडमेड कालीनों रग्स की मांग काफी अधिक है, फिर भी बड़े पैमाने पर बाजार में कीमतों पर अधिक ध्यान देने वाले तुर्की, बेल्जियम, ईरान, इजिप्ट एवं चाइना जैसे देशों से इंपोर्ट किए गए कम दाम वाले मशीन-मेड कार्पेट्स को पसंद करते हैं। देर से ही सही, लेकिन अब ऑस्कर एक्सपोर्ट्स और ओवरसीज कार्पेट्स जैसे कुछ इंडियन निर्माताओं ने भी भारत में मशीन-मेड कार्पेट्स का उत्पादन शुरू कर दिया है। एचजीएच इंडिया २०१९ में विज़िटर्स उनके प्रोडक्ट्स की रेंज से सोर्स करने में सक्षम होंगे। इसके अलावा, सिल्क, वूल, कॉटन सिंथेटिक और रिसाइकल्ड मैटेरियल्स में हैंडमेड और मशीन-मेड रग्स एवं कार्पेट्स की बड़ी रेंज; ड्यूरीज़, प्रेयर मैट्स जैसे विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट्स को भदोही, पानीपत, जयपुर, वाराणसी, दिल्ली और कश्मीर के २५ से अधिक अग्रणी निर्माताओं द्वारा प्रदर्शित किया जाएगा। कुछ प्रमुख एक्जीबिटर्स में क्वालीन, कारपेट्स बाय आरकेएस और ऑनेक्स शामिल हैं।

**टेबल एंड किचन लिनन:** टेबल एवं किचन लिनन फिलहाल इंडियन होम टेक्सटाइल मार्केट के सबसे छोटे सेगमेंट्स में से एक है, और ऐसा भारतीय परिवारों में कुकिंग एवं डाइनिंग वर्षों से चली आ रही परंपराओं की वजह से है। हालांकि वेस्टर्न लाइफ़स्टाइल से प्रभावित लोगों, ख़ासतौर पर युवाओं एवं शहरी उपभोक्ताओं के बीच इस सेगमेंट की मांग तेजी से बढ़ रही है।

एचजीएच इंडिया २०१९ में, मुंबई से बियांका, विनमार्क एवं कुणाल एंटरप्राइजेज, दिल्ली से मैस्पर और चेन्नई से चेन्नई होमटैक्स गिफ्ट्स पैक सहित टेबल एवं किचन लिनन के ब्रांडेड रेंज के साथ उपस्थित होंगे। इसके अलावा, टेबल कवर, डाइनिंग नैपकिन, प्लेसमेट, रनर्स, ब्रेड बास्केट्स, एप्रन, मिट्टन्स, किचन टॉवल, टी कोज़ी जैसे हैंडलूम एवं पावरलूम आधारित


HGH INDIA 2019
HOME DECOR GIFTS HOUSEWARE
JULY 2-4, 2019
BOMBAY EXHIBITION CENTRE, MUMBAI

ट्रेड विज़िटर्स!
www.hghindia.com
पर २० जून, २०१९ तक ऑनलाइन रजिस्टर करें और ₹ १,०००/- की एंट्री फी बचाएं

अधिक जानकारी और किसी भी प्रकार की सहायता के लिए, कृपया संपर्क करें
अमर शर्मा
मोबाइल: +९१ ९९ ६७६ ००२८६ /
एलाका अंसारी
मोबाइल: +९१ ९९ ३०१ ७२९७३
मुंबई: टेलीफोन: +९१ (२२) २४२१ ४१११
फैक्स: +९१ (२२) २४२१ ४११६
दिल्ली: टेलीफोन: +९१ (११) २५७१ ४१११
फैक्स: +९१ (११) २५७१ ४११६
ई-मेल: visitors@hghindia.com


टेबल और किचन लिनन की इंडियन रेंज को जयकृष्ण टेक्स, एयरविल होम कलेक्शंस, होम प्लस रीटेल्स और सुपीरियर होम फैशन जैसे एक्जीबिटर्स द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा, और ये सभी करूर से हैं।

इसके अलावा, हॉल नंबर २ और हॉल ३ में झेजियांग पवेलियन में चीन के कई एक्जीबिटर्स लैमिनेटेड टेक्सटाइल्स, पीवीसी एवं कोटेड फैब्रिक्स में मिट्टन्स, टेबल कवर, प्लेस मैट, टेबल लिनन और किचन लिनन की कम रखरखाव लागत वाली रेंज को पेश करेंगे। इस श्रेणी के कुछ प्रमुख एक्जीबिटर्स में झेजियांग शीरन हाउसवेयर कंपनी लिमिटेड, यीवू निन्सिम डेली कमोडिटी कंपनी लिमिटेड, निंग्बू स्प्लेंडिड होम टेक्सटाइल्स कंपनी लिमिटेड, निंग्बू हाइफू एक्सपोर्ट्स कंपनी लिमिटेड, चांगशू लव जॉय टेक्सटाइल इंपोर्ट एंड एक्सपोर्ट कंपनी लिमिटेड शामिल होंगे।


पैन ओवरसीज


लूम होम टेक्सटाइल्स

# विज़िटर्स के लिए सुविधाएं

## बिजनेस सेंटर

हॉल नंबर १ के भीतर एक बिजनेस सेंटर बनाया गया है, जहां एक्जीबिटर्स एवं विज़िटर्स कंप्यूटर, इंटरनेट, डॉक्यूमेंट प्रिंटिंग, बिजनेस कार्ड प्रिंटिंग, स्कैनिंग, फैक्स और स्टेशनरी परचेज, जैसी कई सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं ... ये सभी सेवाएं ट्रेड शो के दौरान (२ से ४ जुलाई, २०१९), सुबह ०९:०० बजे से- शाम ०६:३० बजे तक उपलब्ध होंगी, जिसके लिए शुल्क देना होगा।

## कार हायर

एक्जीबिटर्स एवं विज़िटर्स एचजीएच इंडिया के दौरान या फिर इस अवधि में किसी भी दिन के लिए इसके ऑफिशियल ट्रैवल एजेंट, नारायण हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज से ड्राइवरों के साथ विभिन्न प्रकार की इकॉनामी एवं लक्जरी कारों को हायर कर सकते हैं, तथा इसके लिए टेरिफ का भुगतान पेज नंबर ५७ पर दिए गए एनेक्सचर ८ के अनुसार करना होगा। अगर आपको ट्रेड शो के दौरान ३ दिनों के लिए गाड़ी की जरूरत है, तो इस बारे में ट्रैवल एजेंट को कृपया पहले से बताएं ताकि वह आपके लिए गाड़ी को रिजर्व कर सके। जुलाई में मुंबई में मानसून का मौसम होता है, जिसे देखते हुए बाहर से आने वाले एक्जीबिटर्स को खासतौर पर इस एग्जीबिशन के सभी दिनों के लिए कम-से-कम एक कार को हायर किए जाने की सलाह दी जाती है। हालांकि ऐसा करना पूरी तरह से आप पर निर्भर है।

इस बारे में पूरी जानकारी एचजीएच इंडिया की वेबसाइट पर देखी जा सकती है या फिर आप travel@hghindia.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

## कूरियर सर्विसेज़

एक्जीबिटर्स एवं विज़िटर्स के लिए हॉल नंबर १ में विज़िटर रजिस्ट्रेशन डेस्क के पास बने सर्विस एरिया में कूरियर सर्विसेज़ की सुविधा मौजूद होगी। आप डेजिग्नेटिड कूरियर डेस्क के माध्यम से कूरियर पैकेट्स को भेज या प्राप्त कर सकते हैं।

## होटल एंड अकॉमोडेशन्ज़

एचजीएच इंडिया की ओर से विभिन्न प्रकार के बिज़नस, लक्जरी और बजट होटलों के साथ रियायती दरों पर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बातचीत की गई है, जहां से बॉम्बे एग्जीबिशन सेंटर, यानी एचजीएच इंडिया २०१९ के वेन्यू तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। इसके लिए हमारी वेबसाइट www.hghindia.com पर जाकर ट्रैवल टैब पर क्लिक करें। एचजीएच इंडिया २०१९ के रजिस्टर्ड एक्जीबिटर्स एवं विज़िटर्स इस टैब में ट्रैवल एंड स्टे लिंक पर क्लिक करने के बाद, अपने लॉगिन आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके होटल की प्रोफाइल, स्टार रेटिंग, अवैलबिलटी, प्राइसेज़, सर्विसेज़ ऑफ़र्ड, वेन्यू से वहां के डिस्टेंस तथा इसी तरह की अन्य जानकारी हासिल कर सकते हैं। आप एचजीएच इंडिया के ऑफिशियल ट्रैवल एजेंट, नारायण हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज के माध्यम से अपने लिए तुरंत होटल बुक कर सकते हैं, साथ ही अगर इसमें किसी भी प्रकार की अन्य सुविधाएं या स्पेशल डिस्काउंट रेट उपलब्ध है, तो आप उसका भी लाभ उठा सकते हैं।

इस बारे में पूरी जानकारी एचजीएच इंडिया की वेबसाइट पर देखी जा सकती है या फिर आप hotels@hghindia.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

## लेफ्ट लगेज़

विज़िटर्स एवं एक्जीबिटर्स की सुविधा के लिए, एचजीएच इंडिया की ओर से हॉल नंबर १ और ३ में विज़िटर रजिस्ट्रेशन डेस्क के पास लेफ्ट लगेज़ फैसिलिटी बनाई गई है। विज़िटर्स एवं एक्जीबिटर्स ट्रेड शो के दौरान (२ से ४ जुलाई, २०१९), सुबह ०९:०० बजे से- शाम ०७:३० बजे तक बिना किसी शुल्क के इन सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं।

## मेडिकल सर्विसेज़ (फर्स्ट एड)

विज़िटर्स एवं एक्जीबिटर्स के हेल्थ और सेफ्टी को एचजीएच इंडिया बेहद महत्वपूर्ण मानता है, इसलिए एचजीएच इंडिया ने फर्स्ट एड और प्राइमरी मेडिकल फैसिलिटीज़ की व्यवस्था की है। इस जगह पर फर्स्ट एड का बोर्ड लगा है और यह हॉल नंबर १ में विज़िटर्स रजिस्ट्रेशन एरिया के पास है। हॉल नंबर १ के बाहर हर समय एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध होगी, जिसमें सेट-अप और ट्रेड शो (२९ जून - ४ जुलाई, २०१९) के सभी दिन शामिल हैं।

## पार्किंग

बॉम्बे एक्जीबिशन सेंटर के भीतर पे एंड पार्क के आधार पर विज़िटर की कार पार्किंग के लिए अलग-अलग स्थान बनाए गए हैं। पार्किंग एरिया तक पहुंचने के लिए बॉम्बे एक्जीबिशन सेंटर के गेट १ और गेट २ से एंट्री करनी होगी। इस सुविधा को बॉम्बे एक्जीबिशन सेंटर द्वारा सीधे मैनेज किया जाता है। ट्रेड शो विज़िटर ऑवर के दौरान प्रति दिन हर बार एंट्री पर कारों के लिए पार्किंग चार्जेज़ ₹१००/- है। विज़िटर पार्किंग एरिया में सामानों वाली गाड़ियों को पार्क करने की अनुमति नहीं है। बॉम्बे एक्जीबिशन सेंटर के भीतर विज़िटर्स के लिए किसी भी प्रकार से फ्री पार्किंग संभव नहीं होगी।

## प्रेयर रूम

२-४ जुलाई, २०१९ को ट्रेड शो की अवधि के दौरान जो एक्जीबिटर एवं विज़िटर धार्मिक प्रार्थना करने की इच्छा रखते हैं, उनके लिए हॉल १ और हॉल ३ के भीतर प्रेयर रूम बनाए गए हैं। यहां तक पहुंचने के लिए हॉल में मौजूद साइनेज का सहारा लिया जा सकता है या इंफॉर्मेशन डेस्क से जानकारी ली जा सकती है।

## रेस्टोरेंट्स /कैफेटेरियाज़

सेट-अप पीरियड, यानी २९ जून से २ जुलाई, २०१९ के दौरान, हॉल नंबर १ के बाहर तथा हॉल नंबर १ और हॉल नंबर ३ के अंदर या निकट एक फंक्शनल कैफेटेरिया मौजूद होगा, ताकि एक्जीबिटर्स, कांट्रेक्टर्स और उनके स्टाफ के लिए फूड एवं बेवरेज उपलब्ध हो सके। इस फूड सर्विस को पूरी तरह से नेस्को हॉस्पिटैलिटी द्वारा मैनेज किया जाएगा, जो बॉम्बे एक्जीबिशन सेंटर का एक डिवीजन है, तथा नेस्को के नियमों के अनुसार बाहर से खरीदे गए भोजन को एक्जीबिशन सेंटर में लाने की अनुमति नहीं है।

ऑर्गेनाइजर्स की ओर से एक्जीबिटर्स एवं विज़िटर्स को सेट-अप के दिनों के साथ-साथ पूरे ट्रेड शो के दौरान फ्री ड्रिंकिंग वॉटर उपलब्ध कराया जाएगा। बॉम्बे एक्जीबिशन सेंटर के भीतर मौजूद कैफेटेरिया एवं रेस्टोरेंट्स से भी ड्रिंकिंग वॉटर खरीदा जा सकता है।

२ से ४ जुलाई, २०१९ तक ट्रेड शो डेज़ के दौरान हॉल १, हॉल २ और हॉल ३ के भीतर या आस-पास के कई स्थानों पर तथा बॉम्बे एक्जीबिशन सेंटर प्रिमाइसेज़ (हॉल के बाहर) में फूड कोर्ट, रेस्टोरेंट्स और कैफेटेरिया मौजूद होंगे। हॉल १ की एंट्री पर ऑर्चर्ड के सामने (द ग्रैंड के बगल में) एक आउटडोर कैफेटेरिया भी मौजूद होगा। ऑर्गेनाइजर्स की ओर से सभी एक्जीबिटर्स, ट्रेड विज़िटर्स और वीआईपी के लिए स्पेशल लाउंज भी तैयार किए गए हैं, जो उन्हें हॉस्पिटैलिटी एवं बेवरेज प्रदान करेंगे।

## शटल बस सर्विस

एक्जीबिटर्स एवं विज़िटर्स की सुविधा के लिए, एचजीएच इंडिया ने ट्रेड शो के वेन्यू तथा मुंबई शहर में महत्वपूर्ण एंट्री एवं एग्जिट प्वाइंट्स और वेन्यू के नजदीकी रेलवे स्टेशन के बीच फ्री शटल बस सर्विसेज़ की व्यवस्था की है। इनमें डोमेस्टिक एयरपोर्ट, इंटरनेशनल एयरपोर्ट तथा सीएसएमटी (मुंबई वी.टी.), मुंबई सेंट्रल, बोरिवली (ईस्ट), गोरेगांव (ईस्ट), राम मंदिर (ईस्ट), अंधेरी (ईस्ट), मेट्रो वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे स्टेशन और दादर (ईस्ट) शामिल हैं। विभिन्न होटलों से एचजीएच इंडिया के वेन्यू तक पहुंचने के लिए भी शटल बस उपलब्ध होगी। विभिन्न प्वाइंट्स से पिक-अप एवं ड्रॉप के प्रस्ताव के शिड्यूल की जानकारी वेबसाइट पर दी गई है। हालांकि इसमें बदलाव भी किया जा सकता है। फाइनल अपडेटेड शिड्यूल तथा पिक-अप प्वाइंट्स की जानकारी हमारी वेबसाइट www.hghindia.com पर ट्रैवल, विज़िटर सर्विसेज़ और एक्जीबिटर सर्विसेज़ लिंक के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। यह जानकारी इंफॉर्मेशन डेस्क के पास, बसों के अंदर और वेन्यू के बोर्डिंग पॉइंट पर भी प्राप्त की जा सकती है।

अपडेटेड शिड्यूल और ड्रॉप पॉइंट्स के बारे में पूरी जानकारी ट्रेड शो के वेबसाइट www.hghindia.com पर विज़िटर्स या एक्जीबिटर्स मेन्यू के तहत प्राप्त की जा सकती है। इन दोनों मेन्यू में आपको जनरल फैसिलिटीज़ और रिचिंग द वेन्यू के सब-मेन्यू मिलेंगे, और यहां आपको शटल बस की जानकारी मिल जाएगी। शिड्यूल के बारे में जानकारी हमारे इंफॉर्मेशन डेस्क एवं इंफॉर्मेशन कियोस्क के अलावा बसों के अंदर और वेन्यू के बोर्डिंग पॉइंट पर भी प्राप्त की जा सकती है।

## ट्रैवल सर्विसेज़

एचजीएच इंडिया का ऑफिशियल ट्रैवल एजेंट, नारायण हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज़ एक्जीबिटर्स एवं विज़िटर्स के लिए ट्रैवल सर्विसेज़ की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराता है। इसके अंतर्गत पूरे भारत के सभी प्राइम टूरिस्ट डेस्टिनेशंस के लिए डोमेस्टिक एवं इंटरनेशनल एयर टिकट्स, कार हायर, होटल रिजर्वेशंस और पैकेज्ड टूर शामिल हैं। उनकी ओर से मुंबई शहर और आस-पास के स्थलों के लिए शॉर्ट टूर पैकेज भी उपलब्ध कराया जाता है। www.hghindia.com के ट्रैवल सेक्शन के ज़रिए ट्रैवल एजेंट से संपर्क किया सकता है।

एचजीएच इंडिया के पास हॉल नंबर १ में एक ट्रैवल डेस्क भी होगा जिसे ऑफिशियल ट्रैवल एजेंट द्वारा मैनेज किया जाएगा, और यहां से एक्जीबिटर्स एवं विज़िटर्स २- जुलाई, २०१९ से ट्रैवल से संबंधित सभी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

आखिरी समय पर भाग-दौड़ और असुविधा से बचने के लिए, आपको यह सुझाव दिया जाता है कि आप अपने होटलों की बुकिंग तथा ट्रैवल से संबंधित सभी अरेंजमेंट्स समय से पहले कर लें।

## अंब्रेला सर्विसेज़

मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए, हॉल १ और हॉल ३ के अंदर विज़िटर रजिस्ट्रेशन एरिया में एक अंब्रेला सर्विस डेस्क भी बनाया गया है। यह एक्जीबिटर्स एवं विज़िटर्स को ट्रेड शो के विज़िट के दौरान अपने-अपने अंब्रेला को सुरक्षित रखने की सुविधा उपलब्ध कराएगा। जब विज़िटर अपने अंब्रेला को यहां रखेंगे तो उन्हें टोकन दिया जाएगा, और वेन्यू से बाहर निकलते समय टोकन देकर वे अपना अंब्रेला वापस ले सकते हैं। यह सुविधा ट्रेड शो डेज़ के दौरान (२ से ४ जुलाई, २०१९), सुबह ०९:०० बजे से- शाम ०७:३० बजे तक फ्री ऑफ कॉस्ट उपलब्ध है।